## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–23.02.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. तेलंगाना में धंसी निर्माणाधीण सुरंग, झारखंड समेत अन्य राज्यों के 8 श्रमिक अंदर फंसे, बचाव अभियान जारी, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने हर संभव मदद का दिया भरोसा।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम में करेंगे मन की बात, देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
3. झारखंड विधानसभा का बजट सत्र कल से होगा शुरू, रणनीति को लेकर आज सत्ता पक्ष और विपक्ष की बैठकों का दौर।
4. जैक परीक्षा पेपर लीक मामला, सभी जिलों से शिक्षा विभाग को भेजी गई रिपोर्ट, एसआइटी या सीआईडी को मिल सकता है जांच का जिम्मा।
5. और प्रदेश में बारिश से बदला मौसम, आज कोल्हान और संताल के इलाकों में बारिश की संभावना।

********************

तेलंगाना में नागर कुर्नूल जिले में दोमाला पेंटा के पास एक सुरंग की छत ढहने से फंसे आठ लोगों को निकालने के प्रयास जारी हैं। ये दुर्घटना श्री सैलाम लेफ्ट बैंक कैनाल सुरंग में हुई है। इन मजदूरों में झारखंड के चार मजदूर शामिल हैं। तेलंगाना के सिंचाई मंत्री और पर्यटन मंत्री ने अनुमान व्यक्त किया है कि फंसे लोगों को आज सुरक्षित निकाल लिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना के संबंध में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से फोन पर बात कर पूरी सहायता का आश्वासन दिया है। इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि टनल हादसे में झारखण्ड समेत अन्य राज्यों के कुछ श्रमिकों के फंसे होने की खबर मिली है। उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से आग्रह किया कि टनल हादसे में हरसंभव रेस्क्यू मदद पहुंचाने की कृपा करें। श्री सोरेन ने मरांग बुरु से हादसे में फंसे सभी श्रमिकों के सुरक्षित होने की कामना करते हुए लिखा कि झारखण्ड सरकार, तेलंगाना सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर हर पल की जानकारी ले रही है तथा हर जरूरी मदद पहुंचाने के लिए तैयार है।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 119 वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर भी किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी सुना जा सकता है। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में मन की बात का प्रसारण करेगा।

********************

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र कल से शुरू होगा। सत्र को लेकर आज सत्तापक्ष और विपक्ष अलग– अलग बैठक कर अपनी रणनीति तैयार करेगा। दिन में साढ़े ग्यारह बजे कांग्रेस विधायक दल की बैठक होगी जबकि शाम को छह बजे बीजेपी विधायक दल की बैठक होगी। सत्तारूढ़ दलों की संयुक्त बैठक दोपहर बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होगी।

********************

प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू अपने पांच दिवसीय झारखंड दौरे के तीसरे दिन आज कई बैठकों में शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष दिन के साढ़े दस बजे रांची में बोर्ड, निगम, आयोग के अध्यक्ष/चेयरमैन, उपाध्यक्ष, सदस्यों की बैठक में भाग लेंगे । जबकि साढ़े ग्यारह बजे कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद दोपहर दो बजे रांची में अग्रणी संगठन, विभाग के प्रदेश अध्यक्षों और जिलाध्यक्षों की बैठक में भाग लेंगे। शाम सात बजे रांची से हजारीबाग के लिए प्रस्थान करेंगे।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ अभियान के 10 वर्ष पूरे होने पर गिरिडीह में जिला पुलिस बल की महिला आरक्षियों ने कल बाइक रैली निकाली। इस मौके पर उपायुक्त ने बताया कि भारत सरकार और झारखंड सरकार महिलाओं के विकास के लिए कई कार्यक्रम चला रही है ताकि उनका आर्थिक सामाजिक विकास हो सके।

********************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से आयोजित मैट्रिक परीक्षा के पेपर लीक के मामले में जैक ने अलग– अलग जिलों से प्राप्त रिपोर्ट शिक्षा विभाग को सौंप दी है । शिक्षा विभाग अब एसआइटी गठित कर या सीआईडी से इसकी जांच कराने की तैयारी कर रहा है। इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया गया है। राज्य सरकार जांच पर अंतिम निर्णय लेगी।

********************

मैट्रिक की परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर पूरे राज्य भर में प्रशासन अलर्ट मोड पर है। इसी क्रम में हजारीबाग के विभिन्न कोचिंग सेंटरों का जिला प्रशासन ने औचक निरीक्षण किया। साथ ही छात्रों से वार्ता भी की । .निरीक्षण करने के बाद प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति ने बताया कि विभिन्न कोचिंग सेंटर के संचालक और छात्रों से वार्ता में बताया जा रहा है कि उनके पास किसी भी तरह की जानकारी आती है कि पेपर लीक हुआ है या पेपर उन तक पहुंचता है तो इसकी सूचना जिला प्रशासन को जरूर दें। उनका यह भी कहना है कि अब तक हजारीबाग से पेपर लीक होने की कोई भी संकेत नहीं मिले हैं ।

********************

जामताड़ा जिले में साइबर अपराध पर नियंत्रण और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान को लेकर पुलिस कर्मियों को और दक्ष बनाया जा रहा है ।

********************

रामगढ़ जिले में पुलिस ने एक घर में छापेमारी कर 30 लाख की अवैध विदेशी शराब के साथ बिहार, बंगाल और झारखंड के 12 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गड़के क्षेत्र के जंगल में अवैध फैक्ट्री चल रही थी।

********************

जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना क्षेत्र के धतकीडीह इलाके में 19 फरवरी को हुई गोलीबारी मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि घायल युवक का आरोपियों से पहले जेल में विवाद हुआ था जिसकी रंजिश में इस वारदात को अंजाम दिया गया ।

********************

झारखंड के लगभग सभी जिलों में बारिश के बाद मौसम का मिजाज बदल गया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार आज भी रांची के मध्य भाग सहित कोल्हान और संताल के इलाके में दोपहर बाद बारिश हो सकती है।

********************

आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में आज ग्रुप–ए में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। दुबई में यह मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर ढाई बजे शुरू होगा। प्रतियोगिता में कल ऑस्ट्रेलिया ने न्यूज़ीलैंड को हरा दिया।

**<u>********************</u>**

<u>और अब राज्य के प्रमुख अखबारों की सुर्खियां</u>

तेलांगना टनल हादसे में फंसे श्रमिकों की खबर को रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अपनी सुर्खी बनाई है

हिन्दुस्तान ने लिखा है– तेलंगाना में धंसी सुरंग, गुमला के भी 4 श्रमिक फंसे, रेस्क्यू जारी।

प्रभात खबर ने लिखा है – मैट्रिक परीक्षा : जैक ने अलग– अलग जिलों से पेपर लीक होने की रिपोर्ट शिक्षा विभाग को भेजी।

दैनिक जागरण लिखता है– प्रश्न पत्र लीक मामले की एसआईटी या सीआईडी जांच की अनुशंसा। सीएम लेंगे निर्णय।

दैनिक भास्कर के शब्द हैं–चैंपियंस ट्रॉफी 2025 भारत–पाक का हाई वोल्टेज मैच दोपहर ढाई बजे से ।

**<u>*******समाप्त*************</u>**